# पेपर लीक के विरोध में एमपी में बवाल

## कई शहरों में रैली-धरना और रीवा-सतना में पुलिस से झड़प

**भोपाल, 24 जुलाई. दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में चल रहे आंदोलन की गूंज अब मध्य प्रदेश में भी सुनाई देने लगी है.**

शुक्रवार को प्रदेश के कई शहरों में छात्र संगठनों, एनएसयूआई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली, धरना-प्रदर्शन और विरोध मार्च निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. कई स्थानों पर पुलिस के साथ धक्का-मुक्की और झड़प की स्थिति भी बनी. इंदौर के टंट्या भील चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने ढोल-मंझीरे के साथ विरोध जताते हुए पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की. भोपाल में बोर्ड ऑफिस के सामने छात्रों ने धरना दिया और हाथों में पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया. उनका कहना था कि जब तक भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा.




### छात्रों ने किया चार किलोमीटर पैदल मार्च

नर्मदापुरम में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी के आवास के सामने प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया. पुलिस द्वारा पुतला छीनने का प्रयास किए जाने पर कार्यकर्ता जलता हुआ पुतला लेकर सड़क पर दौड़ पड़े. वहीं श्योपुर में छात्र चार किलोमीटर पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंचे और दो घंटे तक धरना दिया.

रीवा में एनएसयूआई कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में रोककर हिरासत में ले लिया. सतना में कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचने की कोशिश की, जहां बैरिकेड्स हटाने को लेकर पुलिस से धक्का-मुक्की हुई. बैतूल में अंबेडकर चौक पर प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई गई.

# मितेन्द्र के नेतृत्व में छात्रों का 72 घंटे का धरना शुरू

**ग्वालियर.** शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और छात्रों के हितों की रक्षा को लेकर ग्वालियर के आकाशवाणी चौराहे पर शुक्रवार शाम से 72 घंटे का शांतिपूर्ण धरना शुरू हो गया है. इस आंदोलन में बड़ी संख्या में छात्र और युवा शामिल हुए, जिससे धरना स्थल पर जनसैलाब उमड़ पड़ा. नीट और सीबीएसई से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाकर शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं पर कड़ा रोष व्यक्त किया गया. आंदोलनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को व्यवस्था की कमियों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनकी नैतिक जिम्मेदारी तय की और तुरंत इस्तीफे की मांग की.




### शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक संघर्ष रहेगा

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मितेंद्र दर्शन सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस धरने के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ?नेताओ ने दोहराया कि यह आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक है. जब तक सरकार छात्रों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती और शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं करती, तब तक उनका यह संघर्ष जारी रहेगा. धरने में लगातार विभिन्न क्षेत्रों से छात्र, युवा और आम नागरिक पहुंचकर अपना समर्थन दे रहे हैं.


## एक नजर में

### 7 वर्षों से फरार वारंटी मथुरा से गिरफ्तार

**ग्वालियर.** 7 वर्षों से फरार 10 हजार रुपये के इनामी स्थाई वारंटी को ग्वालियर पुलिस ने मथुरा से गिरफ्तार किया है. एसएसपी ग्वालियर के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने वृंदावन क्षेत्र से उसकी गिरफ्तारी की. विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम एवं एकादश अपर सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर द्वारा आरोपी संजू उर्फ राहुल दुबे के विरुद्ध स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था. आरोपी की गिरफ्तारी करने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक (पूर्व) डॉ. शिवेश सिंह बघेल के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था तथा आरोपी पर 10,000 का इनाम भी घोषित किया गया था.

### निर्देश : असवार थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज

**भिण्ड.** जिले के लहार अनुभाग अंतर्गत असवार थाना क्षेत्र में एक 55 वर्षीय महिला की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद एक व्यक्ति के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, जैतपुरा गांव की महिला ने आरोप लगाया कि 16 जून को गांव के रमेश कौरव, जितेंद्र कौरव, विनोद कौरव और राजू कौरव ने उसके साथ मारपीट की तथा जातिसूचक गालियां दीं. महिला का आरोप है कि जब वह घटना की शिकायत दर्ज कराने असवार थाने जा रही थी, उसी दौरान आरोपी रमेश कौरव ने उसके साथ दुष्कर्म किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी.



# प्रदेश में मानसून सक्रिय

## 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**भोपाल, 23 जुलाई. मध्य प्रदेश में एक बार फिर मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है. मौसम विभाग ने शनिवार को प्रदेश के 5 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. वहीं 50 से अधिक जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है. लगातार सक्रिय हो रहे मौसम सिस्टम के चलते जुलाई के आखिरी सप्ताह में प्रदेशभर में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है.**

मौसम विभाग के अनुसार श्योपुर, रतलाम, मंदसौर, आलीराजपुर और पन्ना जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान करीब 4 इंच तक बारिश होने की संभावना है. इसके अलावा राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर सहित अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है.

प्रदेश में 24 जून को मानसून पहुंचने के बाद अब तक औसतन 325.1 मिलीमीटर (12.8 इंच) बारिश दर्ज की गई है. यह सामान्य बारिश से करीब 10 प्रतिशत कम है. इस अवधि में प्रदेश में औसतन 359.6 मिलीमीटर (14.1 इंच) बारिश होनी चाहिए थी. हालांकि राहत की बात यह है कि बारिश की कमी लगातार कम हो रही है. 20 जुलाई तक प्रदेश में बारिश सामान्य से 17 प्रतिशत कम थी, जो अब घटकर 10 प्रतिशत रह गई है. पूर्वी मध्य प्रदेश में अभी भी 13 प्रतिशत और पश्चिमी हिस्से में 6 प्रतिशत बारिश की कमी बनी हुई है.

### 50 से ज्यादा जिलों में बारिश के आसार

भारी बारिश वाले 5 जिलों के अलावा भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, झाबुआ, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, उज्जैन, देवास, शाजापुर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, शिवपुरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, रीवा, सतना, सागर, दमोह सहित कई जिलों में बारिश होने की संभावना है. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जुलाई के अंतिम सप्ताह में मानसून सक्रिय रहने की संभावना है. इससे प्रदेश में बारिश की कमी काफी हद तक पूरी हो सकती है. प्रदेश के 41 जिलों में अभी भी सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है.

# छात्रों पर कार्रवाई की कांग्रेस ने की निंदा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 जुलाई. पूर्व राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष शोभा ओझा ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया.**

उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण एवं गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्रों को बलपूर्वक हटाया गया और उन पर अमानवीय तरीके से लाठीचार्ज किया गया. शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए शोभा ओझा ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान कुछ सादे कपड़ों में मौजूद लोगों ने भी छात्रों के साथ मारपीट की. उन्होंने आरोप लगाया कि कार्रवाई में इस्तेमाल की गई लाठियों में कीलें लगी थीं और छात्रों के सिर को निशाना बनाकर प्रहार किए गए. उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति से जुड़े अपने लंबे अनुभव में उन्होंने छात्रों के साथ ऐसा व्यवहार पहले कभी नहीं देखा. उन्होंने सवाल उठाया कि छात्रों पर हमला करने वाले लोग कौन थे और उनकी पहचान सार्वजनिक कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए.



शोभा ओझा ने इस घटना की तुलना निर्भया कांड के दौरान हुई बर्बरता से करते हुए कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक और लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने पुलिसकर्मियों तथा कार्रवाई में शामिल अन्य लोगों को तत्काल बर्खास्त करने और उनके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर महिलाओं के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिलाओं, युवाओं और छात्रों की आवाज को दबाने के प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती हैं.

# इंजीनियरिंग कॉलेज के खंडहर हॉस्टल में मिला शव

**जबलपुर, 24 जुलाई. रांझी थाना अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग के एक खंडहर हो चुके हॉस्टल में करीब 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है. शव मिलने की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को संदेश कुमार राय 30 वर्ष, निवासी जेईसी कॉलेज ने रांझी सूचना दी कि इंजीनियरिंग कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग के खंडहर हॉस्टल नंबर 05 के ग्राउंड फ्लोर पर एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया. मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच आंकी जा रही है, प्राथमिक तौर पर अंदेशा जताया जा रहा है कि व्यक्ति की मौत बीती रात 11 बजे से शुक्रवार सुबह 9 बजे के बीच हुई है.

पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है. मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है. पुलिस फिलहाल आसपास के थानों और गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगालकर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है.

# 9 राजस्व अधिकारियों को कलेक्टर ने दिया नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 जुलाई. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने 9 राजस्व अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है. राजस्व न्यायालयों में अविवादित नामांतरण, सीमांकन, के प्रकरणों पर मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी योजना के तहत निर्धारित समय में निराकरण न करने पर नोटिस दिया है.**

तीन दिन की समय सीमा में निराकरण करके संतोषजनक उत्तर न देने पर मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी. कलेक्टर ने कहा है कि लोक सेवा गारंटी एक्ट में शामिल सेवाओं को समय सीमा में आवेदक को उपलब्ध कराना अनिवार्य है अधिकारियों द्वारा प्रकरणों के निराकरण में ध्यान नहीं दिया. इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए नोटिस दिया गया है. सुधीर कुमार बेक नजूल अधिकारी रीवा को अविवादित नामांतरण के 120 प्रकरण तथा राजीव शुक्ला तहसीलदार हुजूर को अविवादित नामांतरण के 106 तथा सीमांकन के 3 प्रकरण समय सीमा से बाहर होने पर नोटिस दिया गया है. राजेश तिवारी तहसीलदार त्योंथर को अविवादित नामांतरण के सरकिल रायपुर सोनौरी में 59, त्योंथर में 29, वृत्त गढ़ी में 56 तथा वृत्त सोहागी में 39 प्रकरण समय सीमा से बाहर होने का नोटिस दिया गया है.

# सिंहस्थ 2028 : तैयारियों में जुटी एमपी पुलिस

## राज्यभर में प्रशिक्षण अभियान तेज

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 जुलाई. सिंहस्थ-2028 की व्यापक तैयारियों के तहत मध्यप्रदेश पुलिस ने राज्यभर में प्रशिक्षण अभियान को तेज करते हुए शुक्रवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स सेमिनार आयोजित किया.**

सेमिनार में जिला स्तर पर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा, मैदानी अनुभवों का आदान-प्रदान तथा पुलिस प्रशिक्षण में नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की गई. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि सिंहस्थ-2028 पुलिस बल की व्यावसायिक दक्षता, समन्वय क्षमता और जनसेवा की भावना की महत्वपूर्ण परीक्षा होगी. उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से चरणबद्ध तरीके से तैयारियां जारी हैं. उज्जैन में विशेषज्ञों के साथ हुई बैठकों और उच्चस्तरीय समीक्षा के आधार पर विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल, डिजिटल मानव संसाधन प्रबंधन तथा साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों को प्रशिक्षण का हिस्सा बनाया गया है.



उन्होंने बताया कि सिंहस्थ के लिए आवश्यक पुलिस अधोसंरचना संबंधी प्रस्ताव को शासन की स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि पुलिस मुख्यालय का ई-एचआरएमएस प्लेटफॉर्म अंतिम चरण में है. इसके माध्यम से आयोजन के दौरान हजारों पुलिसकर्मियों की तैनाती और प्रबंधन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा.

# मध्यप्रदेश में रेल सुविधाओं का विस्तार

## 3 साल में शुरू हुई 33 जोड़ी नई ट्रेनें

**भोपाल, 24 जुलाई. मध्य प्रदेश में रेल यात्रियों की सुविधा और बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए भारतीय रेल लगातार नेटवर्क का विस्तार कर रही है. रेलवे ने राज्य में यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 1 अप्रैल 2023 से 30 जून 2026 तक कुल 33 जोड़ी नई ट्रेनों का संचालन शुरू किया है. इनमें वंदे भारत एक्सप्रेस, मेमू और पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं.**

रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश के विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली इन नई ट्रेनों से यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी और अतिरिक्त यात्रा विकल्प उपलब्ध हुए हैं.

वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय रेल नेटवर्क पर यात्रियों की सुविधा के लिए करीब 80 हजार 500 विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया. वहीं, ट्रेन सेवाओं के विस्तार के लिए लगभग 870 अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से जोड़े गए हैं.

रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि नई ट्रेन सेवाओं की शुरुआत और ट्रेनों के विस्तार की प्रक्रिया लगातार जारी रहती है. इसके लिए परिचालनिक क्षमता, संसाधनों की उपलब्धता और यात्रियों की मांग जैसे पहलुओं को ध्यान में रखा जाता है.

### 10 वंदे भारत, 14 अमृत भारत ट्रेनें दे रहीं सेवाएं

रेलवे के अनुसार, 22 जुलाई 2026 तक देशभर में संचालित 162 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में से 10 सेवाएं मध्य प्रदेश के स्टेशनों की जरूरतों को पूरा कर रही हैं. इसी तरह देश में चल रही 72 अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाओं में से 14 ट्रेनें मध्य प्रदेश के यात्रियों के लिए उपलब्ध हैं. रेल मंत्रालय ने बताया कि यात्रियों को अधिक सुविधा देने के लिए त्योहारों, छुट्टियों और भीड़भाड़ वाले समय में विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया जाता है. इसके अलावा जरूरत के अनुसार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जाते हैं.

### अनियमितताओं के आरोप में मंदसौर के सीएमएचओ निलंबित

**उज्जैन.** उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह ने मंदसौर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. गोविंद सिंह चौहान को स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितता, आर्थिक अनियमितताओं तथा शासकीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही संबंधी शिकायतों के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. आधिकारिक जानकारी के अनुसार संभागायुक्त ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह कार्रवाई की.

# समय-सीमा में सेतु निर्माण करें सुनिश्चित

## बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता

**भोपाल, 24 जुलाई. मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने प्रदेश में निर्माणाधीन सेतु परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए.**

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है. श्री सिंह ने वल्लभ भवन में आयोजित सेतु निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलेवार एवं परियोजनावार निर्माणाधीन सेतु परियोजनाओं की प्रगति का परीक्षण किया. उन्होंने 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' की भावना के साथ प्रदेश की सेतु अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया.



बैठक में मंत्री ने विलंबित परियोजनाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग तथा फील्ड स्तर पर प्रभावी समन्वय के माध्यम से निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी सेतु परियोजनाओं में गुणवत्ता, सुरक्षा और तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे हों.

श्री सिंह ने कहा कि सेतु परियोजनाओं के समय पर पूर्ण होने से आवागमन सुगम होगा, क्षेत्रीय संपर्क बढ़ेगा तथा आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी. उन्होंने 'समय पर, गुणवत्तापूर्ण और जवाबदेह निर्माण' को विभाग की कार्यसंस्कृति बनाने पर विशेष बल दिया.

### कृष्णपाल हत्याकांड में 8 आरोपियों को उम्रकैद

**आगरमालवा.** जिले में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक का अपहरण कर लाठी-डंडों से पीटकर हत्या करने के करीब दो वर्ष पुराने चर्चित मामले में न्यायालय ने सभी आठ आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मधुसूदन जंघेल ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर धारासिंह, दरबारसिंह, मेहरबानसिंह, दशरथसिंह, पारस, राहुल, बनेसिंह और दिनेश को हत्या के मामले में दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई. मामले में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक अशोक गवली ने प्रभावी पैरवी की. अभियोजन के अनुसार घटना चार मई 2024 की रात की है.

**सदस्यता ग्रहण** विकासवादी नीतियों से प्रभावित होकर विभिन्न दलों के नेता भाजपा में हो रहे हैं शामिल

# भाजपा ही दे सकती है विकास और सुरक्षा की गारंटी

**दतिया/भोपाल, 24 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल के समक्ष शुक्रवार को दतिया चुनाव कार्यालय में बसपा के सेवढ़ा से पूर्व प्रत्याशी लाखन सिंह यादव सहित कांग्रेस, बसपा के जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर सभी का भाजपा परिवार में स्वागत किया एवं मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दी. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने भाजपा में शामिल हुए सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि दतिया की जनता अपने क्षेत्र का निरंतर विकास, समाज का सम्मान और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा चाहती है. इन तीनों अपेक्षाओं को पूरा करने का सामर्थ्य केवल भारतीय जनता पार्टी के पास है. भाजपा केवल वर्तमान की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की भी चिंता करती है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है. इसी विकास यात्रा को दतिया में आगे बढ़ाने का कार्य भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी करेंगे. भाजपा सरकार ने विकास और जनकल्याण को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और यही विश्वास जनता को भाजपा के साथ जोड़ रहा है.




भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान, समर्पण और संगठन की भावना पर चलने वाला दल है. पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता को उसकी क्षमता और योगदान के अनुरूप सम्मान एवं अवसर मिलता है. विभिन्न दलों से बड़ी संख्या में लोगों का भाजपा से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि जनता और कार्यकर्ताओं का विश्वास भाजपा की विकासवादी राजनीति पर लगातार मजबूत हो रहा है. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर भाजपा की नीतियों, सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाएं तथा भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएं.

# 1160 करोड़ के चावल घोटाले की हो जांच

नवभारत न्यूज

**बालाघाट, 24 जुलाई. मध्य प्रदेश की राजनीति में चर्चित बालाघाट जिले के कथित 1160 करोड़ रुपये के चावल घोटाले का मामला अब और अधिक गंभीर रूप लेता दिखाई दे रहा है. बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने शुक्रवार को मंत्री गोविंद सिंह राजपूत अब मुख्य सचिव से मुलाकात किया.**

विधायक अनुभा मुंजारे ने मंत्री एवं मुख्य सचिव को अवगत कराया कि बालाघाट जिले में राइस मिलर्स एवं एथेनॉल प्लांट संचालकों द्वारा शासन के चावल के दुरुपयोग एवं अनियमितताओं से जुड़ा यह मामला केवल आर्थिक अपराध नहीं बल्कि किसानों, गरीबों, महिलाओं, बच्चों , सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा शासन के वित्तीय हितों से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है. उन्होंने कहा कि यदि इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो शासन को हुए आर्थिक नुकसान के साथ-साथ आम जनता का विश्वास भी प्रभावित होगा. अपने पत्र में विधायक ने कहा कि पूरे मामले की किसी सक्षम एवं स्वतंत्र एजेंसी अथवा उच्चस्तरीय समिति से जांच कराई जाए.



विधायक ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि इस प्रकरण के तार मध्य प्रदेश से बाहर महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश तक जुड़े होने की आशंका व्यक्त की जा रही है. इसलिए इन राज्यों से जुड़े संभावित नेटवर्क,वित्तीय लेन-देन, परिवहन श्रृंखला तथा संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थाओं की भी गहन जांच की जाए, ताकि पूरे रैकेट का खुलासा हो सके. उन्होंने मांग की कि जांच में जो भी व्यक्ति या संस्था दोषी पाई जाए, चाहे वह कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, उसके विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14